भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 934
गुरुवार, 9 फरवरी, 2023/20 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

934. श्री संजीव अरोड़ाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और इसके संवर्धन के लिए निधि अंतरण की प्रवृत्ति क्या है; और

(ख) राज्य में पर्यटन परिपथों को बढ़ावा देने और उनमें विविधता लाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पर्यटन मंत्रालय पंजाब राज्य सहित भारत में पर्यटन का संवर्धन करता है । अन्य बातों के साथ-साथ " आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) तथा "विदेश में संवर्धन और प्रचार (ओपीपी)" की केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत विभिन्न पहलों के माध्यम से संवर्धन किया जाता है । इसकी वेबसाइट और सोशल मीडिया संवर्धन के माध्यम से भी पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाता है । पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मेलों/उत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटन मंत्रालय से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले पंजाब के त्योहारों की सूची नीचे दी गई है ।

(राशि लाख रु. में)

वर्ष	मेलों एवं उत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि
2017-18	श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर	10.00
	आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला	10.00
2018-19	सूफी महोत्सव	20.00
	हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन	10.00
	पटियाला विरासत महोत्सव	20.00
2019-20	सूफी महोत्सव	25.00
	होला मोहल्ला महोत्सव	25.00
2021-22	हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर	25.00
	श्री आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला	25.00

(ख) : इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय देश भर में थीम - आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास और तीर्थ स्थलों पर सुविधाओं के विकास के लिए क्रमश: 'स्वदेश दर्शन' और प्रशाद की केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है । स्वदेश दर्शन योजना के तहत पंजाब राज्य को स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है ।

(राशि करोड़ रु. में)

परिपथ का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
विरासत परिपथ	2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - अमृतसर - खटकड़ कलां - कलानौर - पटियाला का विकास	94.51

पर्यटन मंत्रालय ने अब सतत और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के लिए अपनी स्वदेश दर्शन योजना का पुनर्गठन कर इसे स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है और एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए पंजाब में 'अमृतसर' और 'कपूरथला' की पहचान की है।

प्रशाद योजना के तहत पंजाब राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है ।

(राशि करोड़ रु. में)

वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
2015-16	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40
2021-22	पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास	31.57

*****